भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1342

30 जुलाई, 2024 को उत्तरार्थ

विषय: नारियल के किसानों को हस्तशिल्प प्रशिक्षण और कौशल विकास कार्यक्रम

1342. श्री मड्डीला गुरूमूर्तिः

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने आन्ध्र प्रदेश में नारियल हस्तशिल्प प्रशिक्षण और कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किए हैं;

(ख) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों के दौरान आयोजित किए गए प्रशिक्षण का जिले-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार ने आन्ध्र प्रदेश राज्य में नारियल किसानों और उपभोक्ताओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाए हैं;

(ङ) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों के दौरान तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(च) क्या सरकार ने आन्ध्र प्रदेश राज्य में नारियल संबंधी प्रदर्शनियां/मेले आयोजित किए हैं; और

(छ) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों के दौरान तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क) से (ग): जी हाँ, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन नारियल विकास बोर्ड ने नारियल पौधों के विभिन्न भागों के साथ आकर्षक शिल्प वस्तुओं के विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए आंध्र प्रदेश में नारियल हस्तशिल्प प्रशिक्षण आयोजित किया। ये प्रशिक्षण कार्यक्रम बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर और आजीविका सहायता प्रदान करने के लिए आयोजित किए जाते हैं। यह बोर्ड पेड़ों से नारियल तोड़ने और अन्य वनस्पति संरक्षण कार्यों के लिए कुशल श्रमिकों को बढ़ावा देने के लिए फ्रेंड्स ऑफ कोकोनट ट्री (एफओसीटी) जैसे कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित कर रहा है। पिछले तीन वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश राज्य में आयोजित प्रशिक्षण और कौशल विकास कार्यक्रमों का ब्यौरा निम्नानुसार है

वर्ष	**हस्तशिल्प/ फ्रेंड्स ऑफ कोकोनट ट्री (एफओसीटी) प्रशिक्षण कार्यक्रमों की संख्या**	**आंध्र प्रदेश के जिले**	**लाभार्थियों की संख्या**
2022-23	1	कलिकिरी, चित्तूर	20
2023-24	4	पार्वतीपुरम मान्यम, कोनासीमा, श्रीकाकुलम,अल्लूरी सीताराम राजू,	75

(घ) और (ङ): नारियल विकास बोर्ड अच्छी कृषि पद्धतियों, नारियल की वैज्ञानिक खेती, वनस्पति संरक्षण कार्यकलापों, प्रसंस्करण, मूल्य वर्धन और विपणन पर विस्तार कार्यकलापों के हिस्से के रूप में आंध्र प्रदेश में किसानों और उद्यमियों के लिए नियमित रूप से जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है। पिछले तीन वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश राज्य में आयोजित जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रमों का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

वर्ष	**जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रमों की संख्या**	**लाभार्थियों की संख्या**
2021-22	4	120
2022-23	6	330
2023-24	25	1128

(छ): यह बोर्ड नारियल उत्पादों के बारे में जागरूकता पैदा करने और नारियल के पोषण और स्वास्थ्य गुणों को बढ़ावा देने के लिए उपभोक्ताओं और अन्य हितधारकों के साथ प्रदर्शनियों/सेमिनारों और अन्य परिचर्चा कार्यक्रमों में भाग ले रहा है। पिछले तीन वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश राज्य में बोर्ड ने निम्नलिखित प्रदर्शनियों में भाग लिया:

वर्ष	**प्रदर्शनियों की संख्या**
2021-22	1- गुंटूर में एग्रीटेक 2021
2022-23	1- गुंटूर में एग्रीटेक 2022
2023-24	1- गुंटूर में एग्रीटेक 2023
	1- बापट्टा में खाद्य प्रौद्योगिकी एक्सपो

*****